थी। जीवन की बाधाएँ यहाँ खींच लाती थीं और कुछ देर के लिए वे यह भूल जाते थे कि वे जीते हैं या मरते हैं या न जीते हैं, न मरते हैं।"

अथवा

"खेती-बाड़ी के समय गाँव के किसान सिरचन की गिनती नहीं करते। लोग उसको बेकार नहीं, बेगार समझते हैं। इसलिए खेत-खलिहान की मजदूरी के लिए कोई नहीं बुलाने जाता है सिरचन को। क्या होगा उसको बुलाकर? दूसरे मजदूर खेत पहुँच कर एक-तिहाई काम कर चुकेंगे, तब कहीं सिरचन हाथ में खुरपी डुलाता हुआ दिखाई देगा।"

(2). **निम्नांकित निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 350 शब्दों में दीजिये:** **(8x3=24)**

(क) 'गबन' उपन्यास की मूल समस्या क्या है? उसे ध्यान में रखते हुए इस उपन्यास की कथावस्तु का विश्लेषण कीजिये।

अथवा

'गबन' उपन्यास के नायक के व्यक्तित्व की जटिलताओं का विस्तृत विवेचन कीजिये।

(ख) 'कफन' कहानी की कथावस्तु की समालोचना प्रस्तुत कीजिये।

अथवा

'परदा' कहानी में यशपाल द्वारा चित्रित जीवन-स्थितियों की दारूणता पर प्रकाश डालिये।

(ग) हिंदी कहानी के उद्भव और उसके विकास की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिये।

अथवा

'गदल' कहानी के आधार पर रांगेय राघव की कहानी कला का विवेचन कीजिये।

---x---

Roll No......................

Total No. of Sections : 03
Total No. of Printed Pages : 04

बी.ए. भाग - I
हिंदी साहित्य
प्रश्नपत्र - द्वितीय
हिंदी कथा साहित्य

Max.Marks : 75
Time : 3 Hrs. Min.Marks : 25

टीप : **खण्ड 'अ' में दस अतिलघूत्तरी प्रश्न हैं, जिन्हें हल करना अनिवार्य है। खण्ड 'ब' में लघूत्तरी प्रश्न एवं खण्ड 'स' में दीर्घ उत्तरी प्रश्न हैं। खण्ड 'अ' को सबसे पहले हल करें।**

खण्ड-'अ'

निम्नांकित अतिलघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दें। **(1x10=10)**

प्रश्न 1. 'गबन' के अतिरिक्त प्रेमचंद के किसी एक उपन्यास का शीर्षक लिखिये।

प्रश्न 2. 'आकाशदीप' कहानी में आकाशदीप का उल्लेख है। इसे जलाने का क्या उद्देश्य है?

प्रश्न 3. 'गबन' कहानी के चार पात्रों के नाम लिखिये।

प्रश्न 4. 'ठेस' कहानी के रचनाकार का नाम लिखिये।

प्रश्न 5. उपेन्द्रनाथ अश्क की किसी एक रचना का शीर्षक बताइये।

प्रश्न 6. राजेंद्र यादव की 'बिरादरी बाहर' कहानी के किसी एक पात्र का नामोल्लेख कीजिये।

प्रश्न 7. 'गदल' कहानी की नायिका ने किससे पुनर्विवाह किया था?

P.T.O.

प्रश्न 8. शिवानी की किसी एक कथा-रचना का उल्लेख कीजिये।

प्रश्न 9. हिंदी की प्रथम मौलिक कहानी किसे माना जाता है?

प्रश्न10. प्रेमचंद-युग के किसी अन्य उपन्यासकार का नाम लिखिये।

खण्ड-'ब'

निम्नांकित लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर 150–200 शब्द सीमा में दें।

(5x5=25)

प्रश्न 1. 'गबन' उपन्यास की नायिका कौन है? उसके प्रमुख चारित्रिक गुणों का उल्लेख कीजिये।

अथवा

'गबन' उपन्यास की भाषा का विवेचन कीजिये।

प्रश्न 2. 'आकाशदीप' कहानी का कथासार लिखिये।

अथवा

उपेंद्रनाथ 'अश्क' का परिचय प्रस्तुत कीजिये।

प्रश्न 3. 'चीफ की दावत' के शामनाथ के चरित्र की विशेषताएँ बताइये।

अथवा

'मलबे का मालिक' कहानी का कथासार प्रस्तुत कीजिये।

प्रश्न 4. 'बिरादरी बाहर' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिये।

अथवा

बालशौरि रेड्डी का साहित्यिक परिचय दीजिये।

प्रश्न 5. हिंदी के प्रारंभिक उपन्यासों पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये।

अथवा

प्रेमचंद के पूर्व की हिंदी-कहानी पर टिप्पणी कीजिये।

खण्ड-'स'

प्रश्न 1. गद्यांशों की संदर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या कीजिये।

(8x2=16)

(क). "गहनों का मरज न जाने इस दरिद्र देश में कैसे फैल गया? जिन लोगों को भोजन का ठिकाना नहीं, वे भी गहनों के पीछे प्राण देते हैं। हर साल अरबों रूपये केवल सोना-चाँदी खरीदने में व्यय हो जाते हैं। इस संसार के और किसी देश में इन धातुओं की इतनी खपत नहीं। उन्नत देशों में धन व्यापार में खर्च होता है, जिससे लोगों की परवरिश होती है और धन बढ़ता है। यहाँ धन श्रृंगार में खर्च होता है।"

अथवा

"चोर से ज्यादा फिक्र थी आबरू की। किवाड़ न रहे, पर्दा ही आबरू का रखवाला था। वह पर्दा भी तार-तार होते एक रात आँधी में किसी भी हालत में लटकने लायक न रह गया। दूसरे दिन घर की एकमात्र पुश्तैनी चीज दरी दरवाजे पर लटक गयी।"

(ख). "ज्यों ज्यों अँधेरा बढ़ता था और सितारों की चमक तेज होती थी, मधुशाला की रौनक भी बढ़ती जाती थी। कोई गाता था, कोई डींग मारता था, कोई अपने संगी के गले में लिपटा जाता था। कोई अपने दोस्त के मुँह में कुल्हड़ लगाए देता था। वहाँ के वातावरण में सरूर था, हवा में नशा, कितने तो यहाँ आकर एक चुल्लू में मस्त हो जाते थे। शराब से ज्यादा यहाँ की हवा उन पर नशा करती